प्रदेश में जुनोटिक डिजीज कंट्रोल हेतु बनेगा ‘स्टेट वन-हेल्थ एक्शन प्लान’

चर्चा में क्यों?

13 अक्तूबर, 2023 को प्रदेश की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने जयपुर में आयोजित मल्टी सेक्टरल कंसल्टेशन वर्कशॉप के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जुनोटिक संक्रमण वाली बीमारियों के नियंत्रण एवं रोकथाम के लिये ‘स्टेट वन-हेल्थ एक्शन प्लान’ बनाकर कार्यवाही की जाएगी।

प्रमुख बिंदु

- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल (एनसीडीसी) एवं यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एवं प्रिवेंशन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में राष्ट्रीय स्तर के विषय-विशेषज्ञ एवं तकनीकी पार्टनर संस्थानों के प्रतिनिधिगण पारस्परिक विचार मंथन कर देश में पहले राजस्थान स्टेट वन-हेल्थ एक्शन प्लान की रूपरेखा तैयार करेंगे।
- कार्यशाला में बताया गया कि मानव में 60 प्रतिशत बीमारियों के संक्रमण के कारण प्राकृतिक व जुनोटिक होते हैं, जैसे- वायरस, बैक्टीरिया, फंगस, प्रोटोजोआ, पैरासाइट्स व अन्य से संक्रमण फैलता है।
- विभिन्न निकायों, कार्यक्षेत्र के विचार-विमर्श, उनके अनुभव एवं प्राकृतिक स्थितियों के आधार पर वन-हेल्थ एक्शन प्लान लागू कर जुनोटिक डिजीज पर नियंत्रण करने की कार्यवाही की जाएगी।
- शुभ्रा सिंह ने बताया कि कोविड जैसी महामारियों का सामना करने के लिये आधारभूत संसाधन व प्राथमिक प्रबंधन की पूर्व तैयारी करनी आवश्यक है और इसी को ध्यान में रखकर राजस्थान में रेबीज उन्मूलन के लिये स्टेट एक्शन प्लान लागू कर कार्यवाही की जा रही है।
- अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि जुनोटिक डिजीज कंट्रोल हेतु तैयार किये जाने वाले वन-हेल्थ एक्शन प्लान में शामिल होने वाली गतिविधियों में से अनेक गतिविधियों के लिये पहले से तैयारी की जा चुकी है। प्रभावी क्रियान्वयन के लिये राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर के एनसीडीसी एवं सीडीसी जैसे संस्थानों का सहयोग लिया जाएगा।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/state-one-health-action-plan-will-be-made-for-zoonotic-disease-control-in-the-state

दृष्टि The Vision